# मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज के कक्ष में दिनांक 16.07.2021 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 16.07.2021 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय के कक्ष में जल जीवन मिशन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई, जिसमे निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गया :–

1. श्री डी.के.सिहं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
2. श्री विपिन कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
3. श्री ज्ञान सिहं, सहायक अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
4. श्री सजन कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
5. श्री राजेन्द्र सिहं, सहायक अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
6. श्री खुर्शीद आलम, जू0इं0, जल निगम, कासगंज।
7. श्री विवेक सिहं, प्रतिनिधि, पी.एन.सी. इन्फ्राटेक प्रा0लि0, आगरा।
8. श्री रविन्द्र पाण्डेय, आयन एक्सचेन्ज संस्था।
9. श्री रौनक अली, थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन।

समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज द्वारा निम्न बिन्दुओ की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये।

**बिन्दु सं0 1–** जनपद कासगंज में नई पेयजल योजनाओं के अधिष्ठापन हेतु नामित फर्म पी.एन.सी. के द्वारा अवगत कराया गया कि 391 ग्रामों के सापेक्ष 206 ग्रामों का सर्वे कार्य पूर्ण हो गया है, तथा इनमें से 92 नग ग्रामों की भूमि के प्रस्ताव प्राप्त हो गये है। फर्म के द्वारा 33 ग्रामों मे भूमि उपलब्ध नहीं हो पाने की सूची उपलब्ध कराई गई है। पी.एन.सी. फर्म के द्वारा 05 नग पेयजल योजनाओं के डी.पी.आर. विरचन के बाद DWSM समिति के सम्मुख प्रस्तुत की गई। जिसमें 04 नग पेयजल योजनाओं के डी.पी.आर. समिति की संस्तुति के उपरान्त SWSM में प्रस्तुत की जा चुकी है, एवं 01 नग डी.पी.आर. जिसकी रू. 6000 प्रति व्यक्ति लागत से अधिक होने के कारण उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय के द्वारा SWSM से दिशा–निर्देश हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पी.एन.सी. फर्म को भूमि के चयन हेतु निर्देशित किया गया कि प्रस्तावों के चयन में पारदर्शिता एवं उपयोगिता के आधार ही करें। आगामी प्रस्तुत होने वाली डी.पी.आर. के सम्बन्ध में समीक्षा करने पर पी.एन.सी. द्वारा अवगत कराया गया कि 25 नग योजनाओं की डी.पी.आर. तैयार किये जा रहे है। जिसे दिनॉक 23–07–2021 तक जल निगम के कार्यालय नें प्रस्तुत करा दिया जायेगा।

**बिन्दु सं0 2–** आयॅन एक्सचेन्ज द्वारा 09 ग्रामीण पेयजल योजनाओं के पुनगर्ठन में से 05 नग की डी.पी.आर. पूर्व में DWSM की समिति की संस्तुति उपरान्त SWSM को प्रस्तुत की जा चुकी है। 01 नग डी.पी.आर. जो कि रू. 2.00 करोड से कम होनें के कारण अधीक्षण अभियन्ता निर्माण मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, अलीगढ द्वारा संस्तुति कराकर मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, आगरा को स्वीकृति हेतु

letter

भेजी जा चुकी है। अवगत कराया गया कि अवशेष 03 नग डी.पी.आर. को दिनॉक 23–07–2021 को जल निगम के कार्यालय में उपलब्ध करा दी जायेगी। फर्म द्वारा वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट लगाने की अतिरिक्त स्वीकृति हेतु निवेदन किया गया है। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी तथ्यों की जॉचोपरान्त प्रकरणों को SWSM में स्वीकृति हेतु भेजने का आश्वासन दिया गया है।

**बिन्दु सं0 3–** टी.पी.आई. मै0 आर0वी0 एसोसियेट के प्रतिनिधि के कार्यो की समीक्षा के दौरान उनके द्वारा द्वारा अवगत कराया गया कि 23 नग रेट्रोफिटिंग पेयजल योजनाओं में 07 नग योजनाओं का गुणवत्तापरक निरीक्षण किया गया है। जिसकी जॉच आख्या मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फर्म को अपने समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**बिन्दु सं0 4–** मीटिंग में दोनों आई.एस.ए. संस्थाओं क्रमशः द्वारिका प्रसाद जन जागरण समिति, बिलराम गेट कासगंज एवं जनहितकारी सेवा समिति, रामनगर कालोनी, अलीगढ में से किसी भी प्रतिनिधि के द्वारा भाग नहीं लिया गया।

**बिन्दु सं0 5–** जल निगम द्वारा कार्यरत 23 नग रेट्रोफिटिंग पेयजल योजनाओं में 14268 नग प्रस्तावित एफ.एच.टी.सी. के सापेक्ष माह जून तक 7400 नग एफ.एच.टी.सी. का लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है, एवं अवशेष लक्ष्यों को प्राप्त करने में ग्रामवासियों द्वारा रूचि न लेने के कारण सहयोग नहीं मिल रहा है, जिस हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर सहयोग प्राप्त किया जाये।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(तेज प्रताप मिश्रा)
मुख्य विकास अधिकारी
20/7/2021

पत्रांक 1064 / J.J.M / 144 दिनॉक 20-07-2021

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कासगंज।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, कासगंज।

मुख्य विकास अधिकारी

letter